प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में 15 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता आज से समाप्त, भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया आदेश।
2. इंडिया गठबंधन विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ, मंत्रियों के चयन को लेकर विचार–विमर्श जारी।
3. चुनाव परिणाम को लेकर भाजपा में समीक्षा का दौर, 30 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में सभी जिलाध्यक्षों के साथ होगी अहम बैठक, 3 दिसंबर को दिल्ली में मंथन।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजन को 10 लाख रुपये अनुग्रह राशि और सरकारी नौकरी दिये जाने की घोषणा की।

****

झारखंड में आज से आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई । भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू थी।

****

प्रदेश में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्यमंत्री के साथ अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इधर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों में मंत्रियों के चयन को लेकर चर्चा का दौर जारी है ।

****

देवघर के विधायक सुरेश पासवान को राजद विधायक दल का नेता चुना गया है। रांची में राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव की अध्यक्षता में हुई राजद विधायक दल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। विधानसभा चुनाव में राजद के चार विधायक चुने गए हैं । इधर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें केन्द्रीय नेतृत्व को विधायक दल का नेता और मंत्रियों को चुनने के लिए अधिकृत किया गया।

****

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को एक सामाजिक अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनैतिक या चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर की रक्षा के लिए एक सशक्त पहल है।

****

विधानसभा चुनाव पणिाम को लेकर भाजपा में समीक्षा का दौर जारी है। 30 नवंबर को रांची में भाजपा सभी जिलाध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक करेगी। वहीं 3 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई नेता दिल्ली जायेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इस दौरान प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी मौजूद रहेंगे।

****

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का ये अंतिम कालखंड है और देश 2025 के स्वागत में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सत्र अनेक प्रकार से विशेष है । हमारे संविधान का 75 वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए उज्ज्वल अवसर है ।

श्री मोदी ने संसद में स्वस्थ चर्चा की उम्मीद व्यक्त की । उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में भाग लें ।

संसद का शीत सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी।

****

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रदेश के विकास का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र बेहद खास होता है। इस दौरान उन्हें पूरे राज्य भर के मुद्दे को सदन में उठाने का मौका मिलेगा जिसे लेकर व्यापक तैयारी भी की गई है.

****

बोकारो के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की शहादत पर पूरा प्रदेश नमन कर रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने शोक संवेदना जताते हुए कहा कि देश सेवा में प्राणों की आहूति देने वाले इस महान योद्धा को कोटि–कोटि नमन है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में शहीद अग्निवीर के परिजनों को विशेष अनुग्रह अनुदान के रूप में राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपये और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। उन्होंने केन्द्र सरकार से सभी अग्निवीरों को पूर्ण सैनिक का दर्जा देने का अनुरोध किया।

****

रामगढ़ की सुकरीगढ़ा पंचायत जिले की एकमात्र ऐसी सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर है जिसकी आबादी करीब 6 हज़ार के आस पास है। स्फूर्ति योजना के तहत यहां के कामगार आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त हो रहे हैं।

****

राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी लेने के लिए कल केन्द्रीय टीम दौरे पर आयेगी। इस दौरान झारखंड के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। भारत सरकार की ओर से आनेवाली कॉमन रिव्यू मिशन टीम 30 नवंबर तक झारखंड के विभिन्न जिलों का भ्रमण करेगी। इस दौरान नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स मानकों के तहत सुविधांए विकसित करने, आयुष्मान भारत योजना के साथ ही तमाम अस्पतालों में हेल्थ मैनेजमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम पोर्टल पर डाटा साझा की जाएगी।

****

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि भारत परिवर्तनकारी बदलाव के लिए डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाने में विश्व में अग्रणी बनकर उभरा है इसलिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का अंतर्राष्ट्रीयकरण तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैंक के अनुसार, यूपीआई की क्षमताओं में सुधार के साथ अक्टूबर में यूपीआई के माध्यम से 16 दशमलव 6 अरब का लेनदेन हुआ, जो महत्वपूर्ण है। इसमें 86 प्रतिशत तक भुगतान की तत्काल सफल वापसी शामिल है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बताया कि भारत का यूपीआई, एक ओपन एंडेड प्रणाली है जिसमें शामिल किसी भी बैंक के एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में कई बैंक खातों के उपयोग की सुविधा मिलती है।

****